दिन– रविवार दिनांक– 25 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 10 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी हथियारों और तकनीक का उपयोग कर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए भारतीय सेना की सराहना की।

02. श्री मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में कहा– बिहार की मेजबानी में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का सफला आयोजन किया गया।

03. राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने असभ्य आचरण को लेकर अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी से छह साल के लिए निकाला। परिवार से भी बेदखल किया।

04. और, पटना की टीम ने रणधीर वर्मा अंडर नाइनटीन क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता। फाइनल में जमुई को दी शिकस्त।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद से लड़ाई में नए उत्साह का संचार किया है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि आपरेशन सिंदूर केवल सैन्य मिशन नहीं हैं बल्कि राष्ट्र का संकल्प और साहस है।

–––बाइट–––

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है। उसने हर हिंदुस्तानी का सर ऊचा कर दिया है। जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने, सीमा पार कर आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया। वह अद्‌भुत है, ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्वदेशी हथियारों ने दुनिया को अपनी ताकत दिखाई है।

–––बाइट–––

हमारे जवानों ने आतंकी अड्डों को तबाह किया। यह उनका अदम्य साहस था और उसमें शामिल थी, भारत में बने हथियारों, उपकरणों और टेक्नोलॉजी की ताकत। उसमें आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भी था। हमारे तकनीनिशयन हर किसी का पसीना इस विजय में शामिल है। इस अभियान के बाद पूरे देश में वोकल फॉर लोकल को लेकर एक नई ऊर्जा दिख रही है।

श्री मोदी ने प्रत्येक व्यक्ति से देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता देने का आग्रह भी किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश में राष्ट्र भक्ति की भावना भरी और देश को तिरंगे से सराबोर कर दिया। उन्होंने कहा कि देशभर में तिरंगा यात्रा के दौरान अद्‌भूत दृश्य दिखा।

———बाइट———

देश के कई शहरों में तिरंगा यात्राएं निकाली गई। देश में हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना उसके प्रति वंदन—अभिनंदन करने निकल पडे। कितने शहरों में सिविल डिफेंस वॉलिटियर बनने के लिए बड़ी संख्या में युवा एकजुट हो गए। इसने लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में खेलो इंडिया गेम्स बहुत सफल रहे। श्री मोदी ने खेलो इंडिया को लेकर बिहार की मेजबानी की सराहना की। उन्होंने कहा कि बिहार के पांच शहरों ने खेलो इंडिया गेम्स की मेजबानी की थी। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल देशभर के एथलिटों ने बिहार की खेल भावना और यहां के लोगों से मिली आत्मीयता की बहुत तारीफ की है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि इस बार खेलो इंडिया में बिहार के खिलाड़ियो ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीस पदक जीते। उन्होंने कहा कि ऐसी स्पर्धाओं से भारतीय खेलों का भविष्य और संवरेगा।

———बाइट———

श्री मोदी ने कहा कि हर वर्ष इक्कीस जून को मनाये जाने वाले योग दिवस को लेकर दुनियाभर में लोगों में जोश और उत्साह नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष वे विशाखापत्तनम में योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने ऑपरेशन सिंदूर कार्रवाई को सेनाओं का मनोबल बढ़ाने वाला अभियान बताया है। वे जोधपुर में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

———बाइट———

---

राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने असभ्य लोक आचरण और गैर जिम्मेदाराना व्यवहार को लेकर अपने बड़े बेटे और पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। सोशल मीडिया पर इस निर्णय की घोषणा करते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि तेज प्रताप यादव का गैर जिम्मेदाराना व्यवहार पारिवारिक मूल्यों और संस्कार के अनुरूप नहीं है। लालू प्रसाद ने कहा कि तेज प्रताप यादव की पार्टी और परिवार में अब कोई भूमिका नहीं रहेगी। तेज प्रताप यादव समस्तीपुर जिले के हसनपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर उन्होंने कथित तौर पर अपनी महिला मित्र को लेकर कुछ पोस्ट किए थे। माना जाता है कि इसी मुद्दे को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उनके उपर कार्रवाई की है।

---

राष्ट्रीय जनता दल के नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने पार्टी अध्यक्ष द्वारा की गई कार्रवाई का समर्थन किया है।

---बाइट---

---

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी  बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा है कि भारत, जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। दिल्ली में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद डॉ. सुब्रह्मण्यम ने भरोसा जताया कि अगले दो से तीन वर्षों में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन–एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक आयोजित की गई। भाजपा के गुड गवर्नेंस विभाग द्वारा आयोजित बैठक में सुशासन व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इस बैठक में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप

मुख्यमुंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने बैठक में शामिल होकर बिहार का पक्ष रखा।

---

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि सशस्त्र सीमा बल–एसएसबी की भूमिका सीमाओं की सुरक्षा व्यवस्था विशेष कर नेपाल और भूटान सीमा पर देश की संप्रभुता की रक्षा में बहुत महत्वपूर्ण है। केंद्रीय मंत्री ने आज सुपौल में आसनपुर कुपहा में 8वें बेसिक रिक्रूट ट्रेनिंग कोर्स के पासिंग आउट परेड को संबोधित कर रहे थे। एसएसबी के महानिदेशक, अमृत मोहन प्रसाद ने भी समारोह को संबोधित किया और प्रशिक्षुओं को उनके बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि जनगणना के बाद बढ़ी हुई आबादी के आधार पर ही परिसीमन होना चाहिए। श्री कुशवाहा ने आज रोहतास जिले के विक्रमगंज इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित रालोमो की संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली को संबोधित करते हुए कहा कि बढ़ी हुई आबादी के आधार पर परिसीमन नहीं किये जाने से बिहार जैसे राज्यों का काफी नुकसान हो रहा है।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए बड़ी संख्या में चिकित्सकों की नियुक्ति की जायेगी। श्री पांडेय ने औरंगाबाद के दाउदनगर में इकतीस हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के अस्पतालों में किसी तरह की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी।

---

पटना की टीम ने रणधीर वर्मा अंडर नाइनटिन क्रिकेट ट्रॉफी जीत ली है। पटना के मोईनुलहक स्टेडियम में आज खेले गये फाइनल मुकाबले में पटना ने जमुई को छह

विकेट से पराजित कर दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जमुई ने एक सौ चौवालीस रन बनाए। पटना की टीम ने इस लक्ष्य को सत्रह ओवर चार गेंदों में ही चार विकेट खोकर हासिल कर लिया।

---

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की विशेष आम सभा में क्रिकेट को नई ऊंचाई और गौरव दिलाने वाले बिहार के क्रिकेट खिलाड़ियों को सम्मानित करने का निर्णय किया गया है। संघ की बैठक में आज इस संबंध में एक विशेष समारोह आयोजित करने का निर्णय किया गया। विशेष आम सभा में तीस पूर्णकालीक सदस्य उपस्थित हुए। सात एडहॉक सदस्य उपस्थित हुए।

---

प्रदेश के अधिकांश भागो में प्री–मॉनसून वर्षा हो रही है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां और अररिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इधर, विभाग ने पन्द्रह जून तक राज्य में दक्षिण–पश्चिम मॉनसून के प्रवेश करने की भी संभावना जताई है। विभाग ने कहा कि मॉनसून अपने तय समय से आठ दिन पहले ही केरल में दस्तक दे चुका है और इसके तेज गति से आगे बढ़ने की परिस्थितियां बनी हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कटिहार, अररिया और आस–पास के क्षेत्रों में तेज बारिश दर्ज की गई है।

---

पटना उच्च न्यायालय के न्यायधीश सोनी श्रीवास्तव ने आज सीतामढ़ी में परिवार न्यायालय भवन का उद्घाटन किया।

---

शेखपुरा जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत अमानतपुर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर साइबर फ्रॉड गिरोह के तीन ठगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए तीनों बदमाश ऑनलाइन व्हाटस अप कॉल कर लोगों से ठगी कर रहे थे।

---

बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के अहियापुर गांव में कल हुए तिहरे हत्याकांड मामले में पुलिस ने एक नामजद आरोपी ओम प्रकाश सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, जिले के डुमराव अनुमंडल अंतर्गत नावानगर इलाके में आज अपराधियों ने एक ठेकेदार को गोली मार कर हत्या कर दी।

---

पश्चिम चंपारण जिले के धनहा थाना क्षेत्र में एक नबालिग के साथ सामुहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

---

अररिया पुलिस ने जोगबनी में नेपाल सीमा के करीब सघन जांच के दौरान एक दर्जन से अधिक संदिग्धों को नेपाल, फिलीपींस, इंडोनेशिया और सउदी अरब समेत कई देशों के करेंसी नोटों के साथ गिरफ्तार किया है।

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी हथियारों और तकनीक का उपयोग कर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए भारतीय सेना की सराहना की।
02. श्री मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में कहा– बिहार की मेजबानी में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का सफला आयोजन किया गया।
03. राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने असभ्य आचरण को लेकर अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी से छह साल के लिए निकाला। परिवार से भी बेदखल किया।
04. और, पटना की टीम ने रणधीर वर्मा अंडर नाइनटीन क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता। फाइनल में जमुई को दी शिकस्त।

---

समाप्त